an>

Title: The Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the remaining part of the session and submissions made by Members.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT AND GANGA REJUVENATION (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): With your permission Madam, I rise to announce that Government Business for the remaining part of the Session will consist of: -

Consideration of any items of Government Business carried over from today's order paper:- it contains consideration and passing of (a) Discussion on Statutory Resolution seeking disapproval of the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2018 (8 of 2018) and consideration and passing of the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2018; (b) Discussion on Statutory Resolution seeking disapproval of the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Ordinance, 2018 (7 of 2018) and consideration and passing of the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Bill, 2018; and (c) Consideration and passing of (i) the National Medical Commission Bill, 2017; and (ii) the New Delhi International Arbitration Centre Bill, 2018.

Consideration and passing of the following Bills: -

(a) The Dentists (Amendment) Bill, 2017;

(b) The DNA Technology (Use and Application) Regulation Bill, 2018;

(c) The Protection of Human Rights (Amendment) Bill, 2018;

(d) The Personal Laws (Amendment) Bill, 2018;

(e) The Major Port Authorities Bill, 2016;

(f) The Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill, 2017;

(g) The Dam Safety Bill, 2018;

(h) The Central Universities (Amendment) Bill, 2018;

(i) The National Institute of Design (NID) Amendment Bill, 2018;

(j) The Airport Economic Regulatory Authority of India (Amendment) Bill, 2018.

Discussion on Statutory Resolution seeking disapproval of the Companies (Amendment) Ordinance, 2018 (9 of 2018) and consideration and passing of the Companies (Amendment) Bill, 2018, after introduction. (To replace an Ordinance)

Consideration and passing of the Appropriation Bill relating to the Second Batch of Supplementary Demands for Grants (including Railways) for 2018-19.

Discussion on Resolution seeking approval of the Proclamation issued by the President on 19th December, 2018 under Article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu & Kashmir.

HON. SPEAKER: Submission by Members may be laid on the Table of the House.

… (*Interruptions*)

*__SHRI K. ASHOK KUMAR (KRISHNAGIRI):__ The following items may be taken for discussion during the next week business.

Tamil Nadu Government has submitted proposals of Highways and Shipping sector, Bharatmala and Sagarmala Schemes. The Union Government approves and sanctions fund to the said proposals. But the proposals are not yet cleared by the union government. Early clearance of the proposals is required for improving the infrastructure facilities in Tamil Nadu.

*SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I beg to lay the following items:

1. Time has come to explore the refugee policy of our country in view of the growing number of displacement of large number of people from neighbouring countries.

2. Thousands of poor people have been destined to face the winter onslaught which needs special measures so that life is not lost due to the cold wave.

*__श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम):__ अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित विषयों को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें:-

1. भारत के कई राज्यों में हो भाषा बोली जाती है और यह प्राचीन एवं सांस्कृतिक भाषा है। हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु कई वर्षों से मांग की जा रही है। इस भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं होने से करोड़ों आदिवासी लोग राष्ट्रीय विचारधारा से कट गये हैं और उनका सामाजिक और आर्थिक विकास रुक गया है। अत: हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य।

2. देश के जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को अभी तक सरना धर्म का दर्जा नहीं दिया गया है, जिसके कारण इनके धर्म को कहीं ईसाई धर्म से, कहीं हिन्दू धर्म से जोड़ा जाता है। देश के सरना धर्म को मानने वाले तालाब, पेड़, पर्वत एवं प्राकृतिक संसाधनों को पूजते हैं। ये मूर्तिपूजक नहीं है। देश के लगभग सभी लोगों को धर्म से जोड़ा जा चुका है। अत: आदिवासी लोगों को सरना धर्म से जोड़ने का कार्य।

*__श्रीमती रमा देवी (शिवहर):__ अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित विषयों को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाये:-

1. मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्रांतर्गत सीतामढ़ी जिला का बेलसंड अनुमंडल स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टिकोण से एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां स्थित सरकारी सामुदायिक अस्पताल में मानक के अनुरूप 30 बेड एवं चिकित्सा

सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। बेलसंड सरकारी सामुदायिक अस्पताल में मानक के अनुरूप बेड एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य।

2. मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर एवं पूर्वी चम्पारण के बीच बागमती तथा लालबकेया नदी को जोड़ने वाले अदौरी-खोड़ी पाकड़ पुल का निर्माण हो जाने से शिवहर एवं पूर्वी चम्पारण जिला के बड़े भू-भाग का विकास संभव हो सकेगा। जनहित में शिवहर एवं पूर्वी चम्पारण जिला को जोड़ने वाले अदौरी-खोड़ी पाकड़ पुल का निर्माण का कार्य।

***श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला):** महोदया, कृपया अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाए। एक, भारत को औद्योगिक दृष्टि से एक महान राष्ट्र बनाने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में और अधिक वृद्धि निवेश तथा धनराशि मुहैया कराने के मुद्दे को संसद की आगामी कार्रवाई में शामिल किया जाए। दूसरा, मैं चाहूंगा कि भारत सरकार द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने के विषय को संसद की आगामी कार्रवाई में शामिल किया जाए।

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोक महत्व के निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में शामिल किया जाए:-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत पड़ने वाले दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा देश के 115 आकांक्षी जिलों में आते हैं। इस क्षेत्र में उद्योग धंधों के नाम पर एकमात्र जपला सीमेंट फैक्ट्री थी जो वर्षों से बंद पड़ी हुई है। इसको शीघ्रातिशीघ्र खुलवाने की कृपा की जाए।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में पीने के पानी में फ्लोराइड एवं आर्सेनिक की मात्रा अत्यधिक है जिसके चलते लोगों को नाना प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। अत: पलामू एवं गढ़वा जिला के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालयों में ऐसे संयंत्र लगाए जाएं जिसके माध्यम से पीने योग्य पानी मिल सके।

*SHRI TEJ PRATAP SINGH YADAV (MAINPURI): Regarding need to provide remunerative price to potato farmers and need to expedite payment of arrears to sugarcane farmers of Uttar Pradesh.

Regarding need to restore old pension scheme in place of New Pension scheme (NPS) for central government employees and employees/ teachers of Uttar Pradesh.

***श्री राम टहल चौधरी (राँची):** अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित एजेंडा को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें:-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में खेलारी रेलवे क्षेत्र और बी.आई.टी. मोड़ हुन्दुर नई रेलवे लाइन है जो मेरे संसदीय क्षेत्र रांची के अंतर्गत है, जिसके कारण इन क्षेत्रों में रेलवे विकास संबंधी कार्य में काफी देरी होती है एवं रख-रखाव संबंधी कार्य रेलवे मंडलीय प्रबंधक कार्यालय द्वारा समय-समय पर नहीं होते हैं। अत: खेलारी रेलवे क्षेत्र एवं बी.आई.टी. मोड़ हुन्दुर रेलवे क्षेत्र को डी.आर.एम., धनबाद से हटाकर डी.आर.एम.,रांची के अंतर्गत किये जाने का कार्य।

2. मेरा संसदीय क्षेत्र रांची झारखंड राज्य की राजधानी है। झारखंड स्थित चक्रधरपुर, धनबाद, रांची और आद्रा डिवीजन कार्यालय हाजीपुर जोन के अंतर्गत है, जो उक्त डिवीजन कार्यालय से काफी दूरी पर स्थित है, जिसके कारण इस डिवीजन के अंतर्गत पड़ने वाले रेलवे कार्य समय पर नहीं हो पाते एवं इन क्षेत्रों में रेलवे का विकास समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है।

चक्रधरपुर, धनबाद, रांची और आद्रा डिवीजन कार्यालय को मिलाकर रांची में एक जोनल कार्यालय स्थापित करने का कार्य।

*__श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):__ लोक सभा के आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए:-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा अंतर्गत प्रत्येक किसानों के खेतों की सिंचाई हेतु 500 फीट की गहराई से पानी के लिए ट्यूबवैल लगाने हेतु 90 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था कराई जाए, जिससे किसानों में खुशहाली आ सके।
2. देश में प्रत्येक वृद्ध, महिला, मजदूर-किसान, जिसकी आयु 60 साल से अधिक हो, उसके लिए बी.पी.एल. श्रेणी की सीमा जो बांधी गई है, उसे समाप्त किया जाए तथा उनके लिए पेंशन की व्यवस्था कराई जाए, ताकि देश के सभी लोग आत्म-निर्भर हो सकें और उन्हें भुखमरी का सामना नहीं करना पड़े। धन्यवाद।

*__श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी):__ मैं अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने का अनुरोध करता हूं:-

1. पूर्वोत्तर रेलवे के सीतापुर-मैलानी रेल मार्ग पर जनपद लखीमपुर में स्थित ओयल रेलवे स्टेशन को गेज परिवर्तन के क्रम में हॉल्ट स्टेशन के बजाय क्रासिंग रेलवे स्टेशन बनाने पर विचार किया जाए।
2. केन्द्रीय सरकार निधि से जनपद लखीमपुर में 200 बेड के मातृ-शिशु चिकित्सालय जिसका निर्माण पूरा हो चुका है, को संचालन हेतु आवश्यक प्रबंध व नियुक्तियां करके शीघ्र प्रारम्भ करने व आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध कराने पर विचार किया जाए। धन्यवाद।

-